# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विलासिता नहीं है, बल्कि सभी के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। उन्होंने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस दो हजार पचीस' के नौवें संस्करण का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह निवेश, नवाचार और मेक इन इंडिया का सबसे अच्छा समय है।

**जो देश कभी टू–जी को लेकर स्ट्रगल करता था आज उसी देश के लगभग हर जिले मे फाइव जी पहुंच चुका है। इलैक्ट्रॉनिक प्रोडक्शन 2014 की तुलना में सिक्स टाइम बढ़ चुका है। मोबाइल मेन्युफेक्चरिंग में 28 टाइम्स और एक्सपोर्ट में 127 टाइम्स की वृद्धि हुई है।**

**********

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अयोध्या दौरे पर हैं। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बृहस्पति कुंड स्थल का उद्घाटन किया। इस स्थान पर दक्षिण भारत के प्रमुख संतों की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला का दर्शन पूजन भी किया।

**********

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज वाराणसी जिले के सारनाथ में केंद्रीय उच्च तिब्बती संस्थान पहुंचे। वहां उन्होंने निर्माणाधीन सौवां रिंगपा अस्पताल का निरीक्षण किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इस अस्पताल का लाभ वाराणसी के साथ–साथ अन्य जिलों के लोगों को भी मिलेगा। इसके जरिए कैंसर और माइग्रेन जैसी बीमारियों का इलाज सुलभ होगा। अस्पताल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने अगले वाराणसी दौरे के दौरान करेंगे।

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सैंतालीस–वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से समाज के लिए सकारात्मक रूप से काम करने की अपील की।

**********

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट दिसंबर–दो हजार पचीस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक द्वारा इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान करने और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने तथा पचासी विषयों में पीएचडी में दाखिले के लिए इस परीक्षा का आयोजन होगा।

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। इसकी शुरूआत बाइस सितंबर से हुई थी। एक रिपोर्ट–

**जीएसटी में सुधार राज्य के पारंपरिक क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है, जहाँ जीएसटी को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी जैसे प्रसिद्ध उद्योगों के निर्यात को बढावा मिलने के साथ ही कारीगरों की आजीविका को भी मजबूती मिली है। कानपुर और आगरा के चमड़ा और जूता उद्योग, जिनमें दस लाख से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं, अब 2,500 रुपये तक की कीमत वाली वस्तुओं पर कम जीएसटी का लाभ उठा सकेंगे। फिरोजाबाद, खुर्जा, गोरखपुर और आजमगढ़ जैसे शहर में बनी कांच, सिरेमिक और टेराकोटा उत्पादों पर भी अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा जिससे इनकी मांग पर बढोतरी होगी। इसके साथ ही मेरठ, वाराणसी और चित्रकूट जैसे शहरों में बने पारंपरिक खिलौने, हाथ से बने कागज और पर्यावरण–अनुकूल स्टेशनरी के उद्योगों को भी कटौती से लाभ होगा। आगरा का प्रसिद्ध पेठा भी 5 प्रतिशत जीएसटी श्रेणी में आने से सस्ता हो गया है। समर्थ के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

फतेहपुर जिले के कल्यानपुर थानाक्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के पास आज सुबह एक कार का टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। इस हादसे में तालाब के पानी में डूब कर कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार पांच अन्य लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया । कार सवार यह सभी लोग कानपुर से प्रयागराज जा रहे थे।

**********

फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने वीडियो संदेश जारी कर गोरखपुर के लोगों से पोषण माह को सफल बनाने की अपील की है। गोरखपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्र ने बताया कि इस माह के दौरान जिले में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

**********

मौसम विभाग ने कल से चौदह अक्टूबर तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के क्रमिक गिरावट की भी संभावना है।

**********